>

Title: Need to build dam on river Ganga in Allahabad.

श्री कपिल मुनि करवारिया (फूलपुर): महोदय, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आज आपने इस अन्तिम दिन मुझे बोलने का अवसर प्रदान किया है। मैं इलाहाबाद में गंगा नदी के तट के मोहल्ले बघाड़ा, ढरहरिया, गंगा नगर, सलोरी, शिवकुटी आदि जो प्रतिवर्ष बाढ़ से प्रभावित होते हैं तथा ग्रामीण क्षेत्र के लीलापुर कलां, दुवावल, ढोकरी, तिवारीपुर आदि गांव, जो गंगा नदी की बाढ़, कटान से प्रभावित होते हैं, इन पर मैं नया बांध बनाने की मांग करता हूं। मैं आपके माध्यम से सरकार से यह मांग करता हूं कि इन स्थानों पर नया बांध बनायें और उस पर सड़क बनायें, जिससे कि यातायात सुचारू रूप से चल सके और बाढ़ की कटान से और बाढ़ से इन क्षेत्रों को मुक्ति मिले। इसी के साथ-साथ मैं इलाहाबाद के गंगा नदी के तट पर और संगम क्षेत्र में हरिद्वार की भांति नया स्नानघाट बनाने की आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं। आपने मुझे बोलने का समय दिया इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।